Dainik Bhaskar, Page-2
Surat 04/08/2024

भास्कर एक्सक्लूसिव बुलेट स्टेशन से 280 मीटर दूरी पर होंगे मेट्रो स्टेशन, रूट के 20 पिलर तैयार

मेट्रो का सफर कर पकड़ सकेंगे बुलेट ट्रेन, अंत्रोली में दोनों को इंटीग्रेट करेंगे, आस-पास होंगे स्टेशन

सारोली से अंत्रोली तक 4 किमी रूट पर बनाए जा रहे पिलर-स्पान

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

मेट्रो रेल को हाई स्पीड बुलेट रेल कॉरिडोर से जोड़ने का काम शुरू हो गया है। सारोली मेट्रो स्टेशन से अंत्रोली बुलेट स्टेशन तक के 4 किमी रूट में पिलर पर स्पान लॉन्च किए जा रहे हैं। मेट्रो के बुलेट स्टेशन से जुड़ जाने के बाद शहर के यात्री आसानी से बुलेट ट्रेन के स्टेशन तक पहुंच सकेंगे। मेट्रो के एलिवेटेड और अंडरग्राउंड मार्ग बनाने का काम प्रगति पर है। अंत्रोली में बुलेट रेल स्टेशन की ओर विस्तार का प्राथमिक काम भी शुरू हो गया है। 40 किमी वाले सूरत मेट्रो प्रोजेक्ट के फेज-1 में दो रूट बन रहे हैं। इसमें पहली डायमंड लाइन है, जो ड्रीम सिटी से सरथाणा के बीच 21.8 किमी की है। दूसरी टेक्सटाइल लाइन है, जो कि भेसान से सारोली तक 18 किमी की है। लाइन-2 में सारोली से अंत्रोली की दूरी लगभग चार किमी है। अब मेट्रो प्रशासन ने सारोली से अंत्रोली के बीच पिलर खड़े करने का काम शुरू कर दिया है। साथ ही स्पान भी लॉन्च किए जा रहे हैं। जैसे ही विस्तार की आधिकारिक घोषणा होगी, सीधे इंटीग्रेशन कर दिया जाएगा। अंत्रोली में बन रहे हाई स्पीड बुलेट रेल स्टेशन से लगभग 280 मीटर दूरी पर अंत्रोली मेट्रो रेल स्टेशन बनाने का प्रस्ताव है। इसके हाई स्पीड बुलेट रेल प्रशासन ने अपने हाई स्पीड बुलेट स्टेशन मैप में 280 मीटर दूरी पर प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन को भी दर्शाया है। इससे लोगों को बुलेट ट्रेन स्टेशन एक पहुंचना लोगों को काफी आसान हो जाएगा। साथ ही मेट्र राइडरशिप भी बढ़ेगी। सूरत मेट्रो रेल प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मेट्रो को सारोली से अंत्रोली तक लेकर जाने की योजना है।

सारोलीः मेट्रो स्टेशन

अंत्रोलीः बुलेट स्टेशन

मेट्रो लाइन-2 के काम की रफ्तार | सूरत मेट्रो लाइन-2 में भेसाण से सारोली तक 18 किमी एलिवेटेड रूट का काम तेजी से चल रहा है। सारोली मेट्रो रेल स्टेशन भी आकार ले रहा है। यहां गर्डर लॉन्चिंग शुरू हो गई है। इसके हर सेक्शन पर गर्डर लॉन्च कए जा रहे हैं। मेट्रो प्रशासन ने बताया कि मार्च 2024 तक सिविल वर्क पूरा करने का लक्ष्य है। यानी लाइन-2 को पूरी तरह से तैयार कर लिया जाएगा।


सारोली से अंत्रोली के बीच पिलर पर स्पान लॉन्च हो रहे।

बुलेट रेल स्टेशन के काम की प्रगति | सारोली से लगभग 4 किमी दूर अंत्रोली में हाई स्पीड सूरत बुलेट रेल स्टेशन बन रहा है। इसका काम तेज रफ्तार से चल रहा रहा है। हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रोग्रेस रिपोर्ट के अनुसार सूरत बुलेट रेल स्टेशन का 450 मीटर कॉनकोर्स लेवल स्लैब और 450 मीटर रेल लेवल स्लैब का काम पूरा हो चुका है। इस साल के अंत तक हाई स्पीड बुलेट रेल का स्टेशन तैयार कर लेने का लक्ष्य है।

एनएचएसआरसीएल ने भेजा प्रस्ताव | मेट्रो रेल प्रशासन मेट्रो रूट को बुलेट ट्रेन स्टेशन तक बढ़ाने की योजना बना रहा है। इससे लाइन-2 भेसाण से सारोली तक 18 किमी रूट से आगे बढ़ते हुए अंत्रोली तक जाएगी। हालांकि अभी काम प्राथमिक स्तर पर है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन (एनएचएसआरसीएल) ने इस बारे में मेट्रो रेल प्रशासन को एक प्रस्ताव भेजा है। इसमें इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्टेशन बढ़ाने की बात कही है।

रूट विस्तार की तैयारी अभी से शुरू | मेट्रो रेल के अधिकारियों ने बताया कि सारोली से अंत्रोली तक लगभग चार किमी रूट का विस्तार किया जाएगा। इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है। सारोली से अंत्रोली के बीच लगभग 20 अतिरिक्त पिलर तैयार कर लिए गए हैं। 5 अन्य पिलर का काम भी प्रगति पर है। गुजरात मेट्रो रेल प्रशासन से मंजूरी मिलने पर अंत्रोली में प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन को इंटीग्रेट करने का काम शुरू हो जाएगा।